# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025


| | |
|---|---|
| Exam Date | 17/02/2025 |
| Exam Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |


Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**


**Q.1** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) अंतर्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





**Ans**

1. 


2. 


3. 


4. 


**Q.2** उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।
मेज, बाघ, झील

**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.3** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DIMS' को '1973' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'MIND' को '3279' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**

1. 3
2. 2
3. 7
4. 9

**Q.4** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पेड़, कीचड़ हैं।
कुछ कीचड़, रेत हैं।
कोई रेत, फूल नहीं है।


निष्कर्ष:
(I): कोई पेड़, फूल नहीं है।
(II): कुछ रेत, पेड़ हैं।

**Ans**


1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'VSDO' को '20-17-2-13' के रूप में और 'ILCY' को '7-10-1-23' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'QNRF' के लिए कूट क्या होगा? | |
| Ans | 1. 13-14-17-5<br>2. 15-12-16-4<br>3. 17-15-18-5<br>4. 16-14-18-6 | |


| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>ABBA, CDDC, EFFE, ? , IJJI | |
| Ans | 1. GGHG<br>2. GHHH<br>3. GHHI<br>4. GHHG | |


| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | एक पासे के फलकों पर U, V, W, X, Y और Z अक्षर अंकित हैं। नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दिखाई गई हैं। उस अक्षर का चयन कीजिए, जो फलक Y के विपरीत फलक पर होगा?<br><br> | |
| Ans | 1. U<br>2. V<br>3. X<br>4. Z | |


**Q.8** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.9** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**18 28 40 54 70 ?**

**Ans**

1. 87
2. 89
3. 88
4. 90

**Q.10** ABYW अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से VWTR से संबंधित है। UVSQ ठीक उसी प्रकार PQNL से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, GHEC दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**

1. BBYX
2. BCYX
3. BCZX
4. BDYC

**Q.11** शब्द MONKEYS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाएं से तीसरे अक्षर और दाएं से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर होते हैं?

**Ans**

1. 1
2. 3
3. 2
4. 0

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'K × L ÷ M + N – O' है, तो उपरोक्त के आधार पर K, N से किस प्रकार संबंधित है?

**Ans**

1. भाई की पत्नी
2. पिता के भाई
3. पत्नी के पिता
4. माता की माता


**Q.13** यदि '÷' और '×' को आपस में बदल दिया जाए तथा '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

31 − 5 ÷ 7 + 27 × 9 = ?


**Ans**


1. 63
2. 66
3. 64
4. 65


Q.14 एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.15 TQ 100 एक निश्चित तरीके से SR 10 से संबंधित है। उसी तरीके से WO 9, VP 3 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए JP 121 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans

1. IQ 12
2. JQ 11
3. IQ 11
4. KQ 11

Q.16 उस विकल्प का चयन करें, जो अक्षरों के उस क्रम का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएँ से दाएँ रखे जाने पर दी गई अक्षर श्रृंखला पूरी हो जाएगी।
H I _ L _ H _ K _ M H _ _ L M H I K _ _

Ans

1. MKLIIKML
2. KMLIIKML
3. MKILIKLM
4. KMILIKLM

Q.17 K, L, M, N, O, P और Q एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। M, L के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, M के ठीक दाएं बैठा है। O, K के दाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। N, P के ठीक बाएं बैठा है। L के सापेक्ष N का स्थान क्या है?

Ans
1. दाएं से दूसरा
2. ठीक बाएं ओर
3. दाएं से तीसरा
4. बाएं से दूसरा

Q.18 सात व्यक्ति, L, M, N, O, W, X और Y, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। W और X के बीच में केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। N, X के ठीक बाएं बैठा है। N और L के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। M, O के बाएं किसी स्थान पर लेकिन Y के दाएं किसी स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. W
2. Y
3. M
4. L

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. EGB
2. PRM
3. KNG
4. GID

Q.20 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

13 18 29 34 45 ?

Ans
1. 50
2. 48
3. 56
4. 58

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 भारत में क्रिप्स मिशन (Cripps Mission) किस वर्ष भेजा गया था?

Ans
1. 1942
2. 1940
3. 1939
4. 1935

Q.2 राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत (Directive Principles of State Policy - DPSP) भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं?

Ans
1. अनुच्छेद 33-45
2. अनुच्छेद 34-40
3. अनुच्छेद 36-51
4. अनुच्छेद 32-42

**Q.3** निम्नलिखित में से किस महापुरुष ने असम में सत्रिया नृत्य की शुरुआत की?

**Ans**

1. स्वामी नारायण
2. तुकाराम
3. श्रीमंत शंकरदेव
4. रामानुजाचार्य

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी प्रायद्वीपीय पठार से नहीं निकलती है?

**Ans**

1. महानदी
2. गंडक
3. सोन
4. चम्बल

**Q.5** अर्थशास्त्र (economics) में, निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा, एक समय काल में परिभाषित की जाती है?

**Ans**

1. केवल स्टॉक
2. केवल प्रवाह
3. प्रवाह एवं स्टॉक दोनों
4. न तो प्रवाह एवं न ही स्टॉक

**Q.6** भारत का सबसे पुराना फुटबॉल क्लब कौन-सा है?

**Ans**

1. ईस्ट बंगाल क्लब
2. शारदा एफ.सी.
3. महिंद्रा यूनाइटेड
4. मुंबई सिटी एफ.सी.

**Q.7** लार जंतुओं में भोजन के पाचन में सहायता करती है। यह क्या करती है?

**Ans**

1. मंड (स्टार्च) को शर्करा में विघटित करती है
2. एलर्जी की संभावना को कम करती है
3. भोजन का स्वाद महसूस करने में सहायता करती है
4. भोजन को श्वास नली में जाने से रोकती है

**Q.8** निम्नलिखित में से किस गायिका को 2021 में भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

**Ans**

1. कृष्णन नायर शांताकुमारी चित्रा
2. कविता कृष्णमूर्ति
3. श्रेया घोषाल
4. अलका याग्निक

**Q.9** जनगणना 2011 के अनुसार किस राज्य में पुरुष एवं महिला साक्षरता दर में अंतर सबसे कम है?

**Ans**

1. गुजरात
2. महाराष्ट्र
3. तमिलनाडु
4. केरल

**Q.10** _________ के कारण सभी पंचवर्षीय योजनाओं को समान महत्व नहीं दिया गया।

**Ans**

1. संसाधनों की सीमा
2. संसाधनों की उपलब्धता
3. संसाधनों के निजी स्वामित्व
4. उपलब्ध संसाधनों की समानता

**Q.11** 'राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित विवादों की सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जाँच की जाएगी और निर्णय लिया जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा' का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?

**Ans**

1. अनुच्छेद 58
2. अनुच्छेद 71
3. अनुच्छेद 54
4. अनुच्छेद 74

**Q.12** 1 अगस्त, 2024 को निम्नलिखित में से किसे भारत में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

**Ans**

1. अलका सिरोही
2. प्रीति सुदान
3. टीसीए अनंत
4. मनोज सोनी

**Q.13** 'क्षार परमाणुओं की तनु गैसों में बोस-आइंस्टीन संघनन (Bose-Einstein condensation) की उपलब्धि के लिए' एरिक ए कॉर्नेल, वोल्फगैंग केटरले और कार्ल ई वाइमन को संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार किस वर्ष प्रदान किया गया था?

**Ans**

1. 1999
2. 2001
3. 2004
4. 2008

**Q.14** 01 जनवरी 2024 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत में कितने राष्ट्रीय त्योहार मनाए जाते हैं?

**Ans**

1. 2
2. 3
3. 5
4. 4

**Q.15** राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी की गणना करते समय कितने संकेतक शामिल किए गए थे?

**Ans**

1. 14
2. 8
3. 12
4. 10

**Q.16** 2016 में, पंडित बिरजू महाराज को किस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया?

**Ans**

1. देवदास
2. मोहनजोदड़ो
3. बाजीराव मस्तानी
4. जोधा अकबर

**Q.17** 3 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित भारत में समुद्री डीकार्बोनाइजेशन पर सम्मेलन (Conference on Maritime Decarbonization) में मुख्य भाषण किसने दिया?

**Ans**

1. अमित कुमार
2. टीके रामचंद्रन
3. शांतनु ठाकुर
4. पी दिनेश

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | भारत सरकार द्वारा जैव प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना (FYP) के दौरान की गई थी? | |
| Ans | 1. सातवीं | |
| | 2. नौवीं | |
| | 3. छठी | |
| | 4. आठवीं | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | भारत में भारतीय खो-खो लीग टूर्नामेंट/इवेंट का नाम क्या है? | |
| Ans | 1. अनलिमिटेड खो-खो | |
| | 2. अल्टीमेट खो-खो | |
| | 3. प्रोफेशनल खो-खो लीग | |
| | 4. प्रो खो-खो लीग | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | मौखरियों (Maukharis) के किस राजा ने दावा किया कि उसने परवर्ती (बाद के) गुप्तों को हराया था? | |
| Ans | 1. ग्रहवर्मन | |
| | 2. ईशानवर्मन | |
| | 3. अवंतिवर्मन | |
| | 4. सर्ववर्मन | |

## Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

| | | |
|---|---|---|
| Q.1 | निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए। $\left[(90 \div 5) \times \left\{\frac{78}{6} + \frac{12}{1} \times (8-7)\right\}\right]$ | |
| Ans | 1. 458 | |
| | 2. 462 | |
| | 3. 463 | |
| | 4. 450 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | दो साइकिल चालक, M और N, 1500 m के वृत्ताकार ट्रैक पर एक ही बिंदु से विपरीत दिशाओं में साइकिल चलाना आरंभ करते हैं। M, 18 km/hr और N, 22 km/hr की चाल से साइकिल चलाता है। उन्हें आपस में मिलने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा? | |
| Ans | 1. 127 | |
| | 2. 130 | |
| | 3. 132 | |
| | 4. 135 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | 6 cm व्यास और 14 cm ऊंचाई वाले एक बेलन का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 376 | |
| | 2. 412 | |
| | 3. 388 | |
| | 4. 396 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | एक जिले की जनसंख्या 372000 है, जिसमें 168000 पुरुष हैं। 20% जनसंख्या साक्षर है। यदि 20% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा? | |
| Ans | 1. 20% | |
| | 2. 19% | |
| | 3. 23% | |
| | 4. 18% | |

| | |
|---|---|
| Q.5 | जब संख्याओं 7807, 8022 और 8667 को सबसे बड़ी संख्या x से भाग दिया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल बचता है। x के अंकों का योग ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 7<br>2. 9<br>3. 8<br>4. 6 |

| | |
|---|---|
| Q.6 | A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 15 दिनों, 30 दिनों और 40 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A पहले दिन कार्य करना शुरू करता है, A और B दूसरे दिन कार्य करते हैं तथा A और C तीसरे दिन कार्य करते हैं। यह पैटर्न कार्य पूरा होने तक दोहराया जाता है। कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा? |
| Ans | 1. $11\frac{7}{11}$<br>2. $12\frac{2}{5}$<br>3. $8\frac{3}{5}$<br>4. $13\frac{1}{4}$ |

| | |
|---|---|
| Q.7 | जब संख्याओं 8651, 8018 और 7807 को सबसे बड़ी संख्या x से भाग दिया जाता है, तो प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल बचता है। x का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 132<br>2. 207<br>3. 211<br>4. 119 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | किसी वस्तु पर लगने वाला बल उसके द्रव्यमान के अनुक्रमानुपाती होता है। यदि 2 kg द्रव्यमान वाली वस्तु को गतिमान करने के लिए 10 N बल की आवश्यकता होती है, तो 5 kg द्रव्यमान वाली वस्तु को गतिमान करने के लिए आवश्यक बल (न्यूटन में) कितना होगा? |
| Ans | 1. 15<br>2. 20<br>3. 30<br>4. 25 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | एक कक्षा के 26 विद्यार्थियों की औसत आयु 43 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी सम्मिलित कर ली जाए, तो संपूर्ण समूह की औसत आयु 44 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | 1. 67<br>2. 72<br>3. 68<br>4. 70 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | एक दुकानदार ने ₹540 में एक वस्तु खरीदी। 10% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए? |
| Ans | 1. 486<br>2. 606<br>3. 582<br>4. 594 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | वरुण के पास ₹1230 हैं। उसने इसे अपने पुत्रों आशीष और अरुण में बाँट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 5% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि आशीष और अरुण को क्रमशः 11 और 12 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। वरुण ने अरुण को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी? |
| Ans | 1. 630<br>2. 600<br>3. 450<br>4. 730 |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | एक प्लैटिनम अंगूठी का अंकित मूल्य ₹52,300 है और यह 20% और 4% की दो क्रमिक छूट पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। प्लैटिनम अंगूठी का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है? (निकटतम रुपये तक पूर्णांकित।) | |
| Ans | 1. 40,033<br>2. 40,200<br>3. 40,233<br>4. 40,166 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर राकेश ₹5400 की राशि का निवेश करता है और शिवम ₹10200 की राशि का निवेश करता है। यदि 4 वर्ष के अंत में, शिवम को राकेश से ₹480 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 3.5<br>2. 4.5<br>3. 2.5<br>4. 1.5 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | एक कार एक घंटे तक 60 kmph की चाल से चलती है, 2 घंटे तक 70 kmph की चाल से चलती है और 5 घंटे तक 50 kmph की चाल से चलती है। कार की औसत चाल (kmph में) कितनी होगी? | |
| Ans | 1. 56.25<br>2. 55.62<br>3. 53.33<br>4. 52.65 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | 450 m और 350 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 80 km/h और 110 km/h की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा? | |
| Ans | 1. 3.4<br>2. 2.4<br>3. 3<br>4. 1.6 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।<br>$\left[(25 \times 13) \times \left\{2 \div 2 \times \frac{(16 - 13)}{3}\right\}\right]$ | |
| Ans | 1. 344<br>2. 312<br>3. 325<br>4. 313 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | वीर के पास ₹1632 है। उसने इसे अपने पुत्रों नितिन और प्रवीण के बीच बांट दिया और उन्हें वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 4% ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहा। यह देखा गया कि नितिन और प्रवीण को क्रमशः 12 और 13 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। वीर ने नितिन को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी? | |
| Ans | 1. 832<br>2. 800<br>3. 682<br>4. 900 | |

Q.18 रॉडनी ने 153 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 63 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
1. 70%
2. 65%
3. 75%
4. 80%

Q.19 एक मूवी टिकट की मूल कीमत और मूवी टिकट की बढ़ी हुई कीमत के बीच का अनुपात 10 : 13 है। यदि मूवी टिकट की मूल कीमत ₹250 थी तथा सिनेमा हॉल की अधिकतम क्षमता अर्थात 3600 व्यक्तियों के आधार पर कुल 3600 टिकट बेचे गए थे, तो सिनेमा हॉल की आय में कितनी वृद्धि हुई है?

Ans
1. ₹1,28,000
2. ₹82,000
3. ₹1,98,000
4. ₹2,70,000

Q.20 एक कर्मचारी के वेतन में 30% की वृद्धि की जाती है। मूल वेतन पर वापस आने के लिए नए वेतन में कितने प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित मान दीजिए)

Ans
1. 23.08%
2. 27.02%
3. 30%
4. 25%

Section : **Part-D-English**

Q.1 **Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.**

**Giving Astha a make-over was <u>a piece of cake</u> because she's so naturally beautiful.**

Ans
1. a slice of pizza
2. A piece of pie
3. A piece of bread
4. A task easily accomplished

Q.2 **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

**Impoverished**

Ans
1. Humble
2. Tiny
3. Shy
4. Rich

Q.3 **Select the sentence with the most appropriate use of adverb.**

Ans
1. They have arrived recent.
2. They have arrived on recently.
3. They have arrived with recently.
4. They have recently arrived.

Q.4 **Select the correct spelling of the underlined incorrectly spelt word in the given sentence.**

**The company didn't have <u>sufishient</u> funds to start the new project.**

Ans
1. sufficient
2. suffeeciant
3. suffishient
4. sufficeint

Q.5 Select the most appropriate option to fill in the blank.

The city is famous for its ______ architecture, which dates back to the 18th century.

Ans
1. futuristic
2. classical
3. modern
4. dystopic

Q.6 Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

I had told you to wash these clothes, <u>or I had not told you</u>?

Ans
1. didn't I?
2. had I?
3. hadn't I?
4. did I?

Q.7 Select the most appropriate synonym of the given word.

Cumbersome

Ans
1. Fickle
2. Royal
3. Heavy
4. New

Q.8 The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.

Margaret swiftly / waited for / her turn / at the Cineplex.

Ans
1. waited for
2. her turn
3. Margaret swiftly
4. at the Cineplex

Q.9 Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.

She is a talented artist <u>which paints beautiful landscapes</u>.

Ans
1. whichever paints beautiful landscapes
2. that paints beautiful landscapes
3. who paints beautiful landscapes
4. whatever paints beautiful landscapes

Q.10 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Muddle

Ans
1. Assume
2. Expand
3. Linger
4. Order

Q.11 Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.

Henry ___________ objections to the proposed changes in company policy.

Ans
1. spelt
2. stood
3. spread
4. raised

Q.12 Select the most appropriate synonym of the given word.

Capture

Ans
1. Attain
2. Shorten
3. Release
4. Arrest

Q.13 Select the most appropriate synonym for the given word.

Serene

Ans
1. Chaotic
2. Calm
3. Disturbed
4. Agitated

Q.14 The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a spelling error.
The marathon player / had a sofisticated taste / but was definitely / a virtuous man.

Ans
1. but was definitely
2. had a sofisticated taste
3. a virtuous man.
4. The marathon player

Q.15 Select the most appropriate option to fill in the blank.

A lot of olive oil is ___________ in Spain this year.

Ans
1. produced
2. producing
3. produce
4. production

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow select the most appropriate option to fill in each blank.

Global warming, a phenomenon primarily 1._____ by human activities, has 2._____ profound changes in weather patterns worldwide. The increase in greenhouse gases, particularly carbon dioxide, 3._____ the Earth's atmosphere to trap more heat. As a result, glaciers 4._____, sea levels 5._____ and extreme weather events have become more frequent and severe.

SubQuestion No : 16

Q.16 Select the most appropriate option to fill in blank number 1.

Ans
1. causing
2. caused
3. causes
4. cause

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow select the most appropriate option to fill in each blank.

Global warming, a phenomenon primarily 1.______ by human activities, has 2.______ profound changes in weather patterns worldwide. The increase in greenhouse gases, particularly carbon dioxide, 3.______ the Earth's atmosphere to trap more heat. As a result, glaciers 4.______, sea levels 5.______ and extreme weather events have become more frequent and severe.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans**

1. bringing
2. brings
3. brought
4. bring

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow select the most appropriate option to fill in each blank.

Global warming, a phenomenon primarily 1.______ by human activities, has 2.______ profound changes in weather patterns worldwide. The increase in greenhouse gases, particularly carbon dioxide, 3.______ the Earth's atmosphere to trap more heat. As a result, glaciers 4.______, sea levels 5.______ and extreme weather events have become more frequent and severe.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans**

1. allowed
2. allow
3. allows
4. allowing

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow select the most appropriate option to fill in each blank.

Global warming, a phenomenon primarily 1.______ by human activities, has 2.______ profound changes in weather patterns worldwide. The increase in greenhouse gases, particularly carbon dioxide, 3.______ the Earth's atmosphere to trap more heat. As a result, glaciers 4.______, sea levels 5.______ and extreme weather events have become more frequent and severe.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans**

1. retreat
2. retreating
3. retreated
4. retreats

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and answer the questions that follow select the most appropriate option to fill in each blank.

Global warming, a phenomenon primarily 1.______ by human activities, has 2.______ profound changes in weather patterns worldwide. The increase in greenhouse gases, particularly carbon dioxide, 3.______ the Earth's atmosphere to trap more heat. As a result, glaciers 4.______, sea levels 5.______ and extreme weather events have become more frequent and severe.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans**

1. rise
2. rising
3. rose
4. risen

Section : **Part-D-Hindi**

| | | |
|---|---|---|
| Q.1 | 'इन तीनों में आपस में घनिष्ट मैत्रता है'। | |
| | उपरोक्त वाक्य में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ है। अशुद्धि रहित वाक्य का चयन करें- | |
| Ans | 1. इन तीनों में आपस में घनिष्ट मित्रता है\|<br>2. इन तीनों में आपस में घनिष्ट मित्रिता है\|<br>3. इन तीनों में आपस में घनिष्ठ मैत्रता है\|<br>4. इन तीनों में आपस में घनिष्ठ मित्रता है\| | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.2 | रमेश मेरा सच्चा <u>मित्र</u> है। | |
| | रेखांकित शब्द के उचित विलोम शब्द का चयन कीजिए। | |
| Ans | 1. दुश्मनी<br>2. शत्रु<br>3. दुश्मन<br>4. विरोधी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति सार्थक शब्द के माध्यम से करें। | |
| | मेरे कहने का _________ है कि मुझे _________ की प्राप्ति हुई है। | |
| Ans | 1. मतलब<br>2. अर्थ<br>3. तात्पर्य<br>4. बल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.4 | निम्न वाक्य में वर्तनी गत अशुद्धि छाँटिए।<br>योगीराज कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। | |
| Ans | 1. गीता<br>2. योगीराज<br>3. कृष्ण<br>4. अर्जुन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | 'सरिता' पर्याय है- | |
| Ans | 1. स्त्री का<br>2. अप्सरा का<br>3. लक्ष्मी का<br>4. नदी का | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | निम्नलिखित वाक्य में अशुद्ध शब्द है- | |
| | मैं मंदिर दर्शन देने आया था। | |
| Ans | 1. देने<br>2. आया<br>3. दर्शन<br>4. मैं | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | निम्नलिखित में से बहुवचन से संबंधित वाक्य है- | |
| Ans | 1. कुछ अधिकारियों ने एक मीटिंग की।<br>2. हिंदी के शिक्षक कक्षा में नहीं गए हैं।<br>3. मजदूर को उसकी मजदूरी दे दो।<br>4. छात्र विद्यालय जा रहा है। | |

**Q.8** मुहावरे और उसके अर्थ के लिए सही विकल्प चुनें।
घर बसाना

**Ans**
1. विवाह करना
2. घर सजाना
3. घर बना लेना
4. घर में रहना

**Q.9** 'होली ________ ।
शुद्ध तद्भव शब्द युक्त विकल्प से वाक्य पूर्ण करें -

**Ans**
1. फाल्गुनी में मनाई जाती है
2. फागन में मनाई जाती है
3. फागुन में मनाई जाती है
4. फाल्गुन में मनाई जाती है

**Q.10** निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि प्रस्तुत विकल्पों में से कौनसा विकल्प चिन्हित शब्द का विलोम शब्द है?

खेल में उत्तम प्रदर्शन के कारण ही खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया।

**Ans**
1. अपकृस्तित
2. पदक
3. पुरस्कार
4. तिरस्कृत

**Q.11** इनमें से 'अनुराग' का विलोम शब्द कौन-सा है?

**Ans**
1. विराग
2. राग
3. दुराग
4. सुराग

**Q.12** प्रेम करना तलवार की नोंक पर चलना है।

उपरोक्त वाक्य में रेखांकित पद के बदले कौन-सा विकल्प उपयुक्त है?

**Ans**
1. धार
2. पार्श्व
3. किनारे
4. तीक्ष्ण

**Q.13** निम्न वाक्य में रेखांकित पद को संशोधित कीजिए।
अमावस की रातें बड़ी रमणीय होती हैं।

**Ans**
1. अंधेरी
2. काली
3. बादलों
4. चाँदनी

**Q.14** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

विनोबा भावे आंदोलन के भूदान प्रवर्तक थे।

**Ans**
1. भूदान आंदोलन के
2. के आंदोलन भूदान
3. आंदोलन भूदान के
4. आंदोलन भूदान

Q.15 'मैंने हरि बुलाया।'

**किस कारक का प्रयोग नहीं करने से इस वाक्य में त्रुटि है?**

Ans
1. कर्म
2. कर्ता
3. संप्रदान
4. करण

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-
यदि अपने समय के प्रत्येक पल की चिंता ________(1) रखे तो थोड़ी आयु को भी बहुत बढ़ा सकता है, जिसे वह एक मास में कर सकेगा उसी को बहुतेरे जीवन ________(2) भी नहीं करेंगे। यदि उसका ध्यान उचित और उत्तम कृत्यों में निमग्न है तो समय सुख से व्यतीत करता नहीं तो बहुतेरों का ________(3) भारभूत-सा हुआ रहता है। दिन-रात जम्हाते बीतना है इनकी दीर्घ- सूत्रता और रात-दिन के बर्ताव को देखने से यही जान पड़ेगा कि मानो ये अपने को अमर समझे हुए हैं। बहुतेरे खूब खाकर पेट पर हाथ फेरते पान कूचते तकिया आश्रय ले पलंग पर जा सो जाते हैं और बारह चौदह घंटा अपना समय नींद में खोते हैं। वैद्यों और डॉक्टरों का मत है कि छह घंटा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित सोना उपयुक्त ________।(4) यदि इतना ही सोने का अभ्यास किया जाए तो कितना समय बच सकता है। अधिक सोने से केवल समय हानि ही नहीं होती, शरीर के जितने अवयव हैं, शिथिल और अयोग्य हो जाते हैं और 12 घंटे सोने के बाद उतनी ही व्याकुलता और अशक्तता कार्य करने में होती है। शरीर और ________(5) दोनों को इससे हानि पहुँचती है। फिर खाने के पश्चात तुरंत सो जाने से आलस्य हाड़फूटन, अपच, म्लानता, शिरोव्यथा होती है, यद्यपि नींद झटपट आ जाती है।

**SubQuestion No : 16**

Q.16 **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**यदि अपने समय के प्रत्येक पल की चिंता _______(1) रखे तो थोड़ी आयु को भी बहुत बढ़ा सकता है**

Ans
1. वृक्ष
2. वाहन
3. नीर
4. मनुष्य

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-
यदि अपने समय के प्रत्येक पल की चिंता ________(1) रखे तो थोड़ी आयु को भी बहुत बढ़ा सकता है, जिसे वह एक मास में कर सकेगा उसी को बहुतेरे जीवन ________(2) भी नहीं करेंगे। यदि उसका ध्यान उचित और उत्तम कृत्यों में निमग्न है तो समय सुख से व्यतीत करता नहीं तो बहुतेरों का ________(3) भारभूत-सा हुआ रहता है। दिन-रात जम्हाते बीतना है इनकी दीर्घ- सूत्रता और रात-दिन के बर्ताव को देखने से यही जान पड़ेगा कि मानो ये अपने को अमर समझे हुए हैं। बहुतेरे खूब खाकर पेट पर हाथ फेरते पान कूचते तकिया आश्रय ले पलंग पर जा सो जाते हैं और बारह चौदह घंटा अपना समय नींद में खोते हैं। वैद्यों और डॉक्टरों का मत है कि छह घंटा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित सोना उपयुक्त ________।(4) यदि इतना ही सोने का अभ्यास किया जाए तो कितना समय बच सकता है। अधिक सोने से केवल समय हानि ही नहीं होती, शरीर के जितने अवयव हैं, शिथिल और अयोग्य हो जाते हैं और 12 घंटे सोने के बाद उतनी ही व्याकुलता और अशक्तता कार्य करने में होती है। शरीर और ________(5) दोनों को इससे हानि पहुँचती है। फिर खाने के पश्चात तुरंत सो जाने से आलस्य हाड़फूटन, अपच, म्लानता, शिरोव्यथा होती है, यद्यपि नींद झटपट आ जाती है।

**SubQuestion No : 17**

Q.17 **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**उसी को बहुतेरे जीवन ____ (2) भी नहीं करेंगे।**

Ans
1. दुर्ग
2. जीवन
3. पर्यन्त
4. नज़र

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

यदि अपने समय के प्रत्येक पल की चिंता ________(1) रखे तो थोड़ी आयु को भी बहुत बढ़ा सकता है, जिसे वह एक मास में कर सकेगा उसी को बहुतेरे जीवन ________(2) भी नहीं करेंगे। यदि उसका ध्यान उचित और उत्तम कृत्यों में निमग्न है तो समय सुख से व्यतीत करता नहीं तो बहुतेरों का ________(3) भारभूत-सा हुआ रहता है। दिन-रात जम्हाते बीतना है इनकी दीर्घ- सूत्रता और रात-दिन के बर्ताव को देखने से यही जान पड़ेगा कि मानो ये अपने को अमर समझे हुए हैं। बहुतेरे खूब खाकर पेट पर हाथ फेरते पान कूचते तकिया आश्रय ले पलंग पर जा सो जाते हैं और बारह चौदह घंटा अपना समय नींद में खोते हैं। वैद्यों और डॉक्टरों का मत है कि छह घंटा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित सोना उपयुक्त ________।(4) यदि इतना ही सोने का अभ्यास किया जाए तो कितना समय बच सकता है। अधिक सोने से केवल समय हानि ही नहीं होती, शरीर के जितने अवयव हैं, शिथिल और अयोग्य हो जाते हैं और 12 घंटे सोने के बाद उतनी ही व्याकुलता और अशक्तता कार्य करने में होती है। शरीर और ________(5) दोनों को इससे हानि पहुँचती है। फिर खाने के पश्चात तुरंत सो जाने से आलस्य हाड़फूटन, अपच, म्लानता, शिरोव्यथा होती है, यद्यपि नींद झटपट आ जाती है।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**यदि उसका ध्यान उचित और उत्तम कृत्यों में निमग्न है तो समय सुख से व्यतीत करता नहीं तो बहुतेरों का _______(3) भारभूत-सा हुआ रहता है।**

**Ans**

1. जीवन
2. गाड़ी
3. नदी
4. चौखट

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

यदि अपने समय के प्रत्येक पल की चिंता ________(1) रखे तो थोड़ी आयु को भी बहुत बढ़ा सकता है, जिसे वह एक मास में कर सकेगा उसी को बहुतेरे जीवन ________(2) भी नहीं करेंगे। यदि उसका ध्यान उचित और उत्तम कृत्यों में निमग्न है तो समय सुख से व्यतीत करता नहीं तो बहुतेरों का ________(3) भारभूत-सा हुआ रहता है। दिन-रात जम्हाते बीतना है इनकी दीर्घ- सूत्रता और रात-दिन के बर्ताव को देखने से यही जान पड़ेगा कि मानो ये अपने को अमर समझे हुए हैं। बहुतेरे खूब खाकर पेट पर हाथ फेरते पान कूचते तकिया आश्रय ले पलंग पर जा सो जाते हैं और बारह चौदह घंटा अपना समय नींद में खोते हैं। वैद्यों और डॉक्टरों का मत है कि छह घंटा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित सोना उपयुक्त ________।(4) यदि इतना ही सोने का अभ्यास किया जाए तो कितना समय बच सकता है। अधिक सोने से केवल समय हानि ही नहीं होती, शरीर के जितने अवयव हैं, शिथिल और अयोग्य हो जाते हैं और 12 घंटे सोने के बाद उतनी ही व्याकुलता और अशक्तता कार्य करने में होती है। शरीर और ________(5) दोनों को इससे हानि पहुँचती है। फिर खाने के पश्चात तुरंत सो जाने से आलस्य हाड़फूटन, अपच, म्लानता, शिरोव्यथा होती है, यद्यपि नींद झटपट आ जाती है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**वैद्यों और डॉक्टरों का मत है कि छह घंटा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित सोना उपयुक्त ___।(4)**

**Ans**

1. रहेंगे
2. है
3. थे
4. थी

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

यदि अपने समय के प्रत्येक पल की चिंता ________(1) रखे तो थोड़ी आयु को भी बहुत बढ़ा सकता है, जिसे वह एक मास में कर सकेगा उसी को बहुतेरे जीवन ________(2) भी नहीं करेंगे। यदि उसका ध्यान उचित और उत्तम कृत्यों में निमग्न है तो समय सुख से व्यतीत करता नहीं तो बहुतेरों का ________(3) भारभूत-सा हुआ रहता है। दिन-रात जम्हाते बीतना है इनकी दीर्घ- सूत्रता और रात-दिन के बर्ताव को देखने से यही जान पड़ेगा कि मानो ये अपने को अमर समझे हुए हैं। बहुतेरे खूब खाकर पेट पर हाथ फेरते पान कूचते तकिया आश्रय ले पलंग पर जा सो जाते हैं और बारह चौदह घंटा अपना समय नींद में खोते हैं। वैद्यों और डॉक्टरों का मत है कि छह घंटा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित सोना उपयुक्त ________।(4) यदि इतना ही सोने का अभ्यास किया जाए तो कितना समय बच सकता है। अधिक सोने से केवल समय हानि ही नहीं होती, शरीर के जितने अवयव हैं, शिथिल और अयोग्य हो जाते हैं और 12 घंटे सोने के बाद उतनी ही व्याकुलता और अशक्तता कार्य करने में होती है। शरीर और ________(5) दोनों को इससे हानि पहुँचती है। फिर खाने के पश्चात तुरंत सो जाने से आलस्य हाड़फूटन, अपच, म्लानता, शिरोव्यथा होती है, यद्यपि नींद झटपट आ जाती है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति करें।**
**शरीर और _________(5) दोनों को इससे हानि पहुँचती है।**

**Ans**

1. जन
2. वन
3. मन
4. कल